## ठेकेदार आत्महत्या मामला

# भाजपा ने सीबीआई जांच और प्रियांक खरगे के इस्तीफे की मांग दोहराई

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कर्नाटक में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने सोमवार को ठेकेदार द्वारा आत्महत्या करने के मामले की जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को सौंपने और मंत्री प्रियांक खरगे के इस्तीफे की अपनी मांग दोहराई। पार्टी ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगें नहीं मानी गईं तो वे जनवरी में कलबुर्गी में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के आवास का घेराव करेंगे।

भाजपा की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष बी वाई विजयेंद्र ने संवाददाताओं से कहा, खरगे परिवार बहुत शक्तिशाली है तथा राज्य पुलिस उनकी जांच नहीं कर सकती और निष्पक्ष जांच की कोई संभावना नहीं है। इसलिए मामला सीबीआई को सौंप दिया जाना चाहिए। सिविल ठेकेदार सचिन पांचाल ने 26 दिसंबर को बीदर जिले में कथित तौर पर चलती ट्रेन के आगे लेटकर आत्महत्या कर ली थी। अपने सुसाइड नोट में पांचाल ने प्रियांक खरगे के करीबी राजू कपनूर पर आरोप लगाया कि उसे यह कठोर कदम उठाने के लिए कपनूर ने मजबूर किया। उन्होंने आरोप लगाया कि उन्हें कपनूर को एक करोड़ रुपए देने के लिए जान से मारने की धमकियां मिल रही थीं। कपनूर ने आरोपों को खारिज कर दिया।

प्रियांक खरगे ने कहा कि इस मामले में उनकी कोई भूमिका नहीं है क्योंकि सुसाइड नोट में उनका नाम नहीं है। उन्होंने सच सामने लाने के लिए मामले की जांच की भी मांग की। विजयेंद्र ने कहा कि कलबुर्गी जिले और उसके आसपास का पूरा पुलिस विभाग खरगे परिवार के नियंत्रण में है। उन्होंने कहा, बिना किसी देरी के मुख्यमंत्री सिद्दरामय्या को प्रियांक खरगे का इस्तीफा लेना चाहिए और हमारा दूसरा अनुरोध है कि मामले को सीबीआई को सौंप दिया जाना चाहिए। विजयेंद्र ने यह भी मांग की कि पांचाल परिवार को सुरक्षा और एक करोड़ रुपये का मुआवजा तथा परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जानी चाहिए। भाजपा की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष ने कहा कि उनकी पार्टी तीन जनवरी तक इंतजार करेगी कि मुख्यमंत्री सीबीआई जांच का आदेश देते हैं या नहीं। उन्होंने कहा, अन्यथा भाजपा चार जनवरी को कलबुर्गी में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन करेगी और हम खरगे के घर का घेराव भी करेंगे।

विजयेंद्र ने कहा कि सचिन पांचाल के सुसाइड नोट में एक और महत्वपूर्ण पहलू का उल्लेख किया गया था कि विधायक बसवराज मत्तीमुद, भाजपा नेता चंदू पाटिल, मणिकांत राठौड़ और एक संत सिद्धलिंग स्वामी की हत्या करने की साजिश थी। उन्होंने कहा, सुपारी लेने वाले महाराष्ट्र से थे, जो बहुत गंभीर विषय है।

## ठेकेदार की आत्महत्या मामले में सीआईडी जांच करेगी : परमेश्वर



बेंगलूरु। कर्नाटक सरकार ने ठेकेदार की आत्महत्या मामले में जांच का जिम्मा अपराध अन्वेषण विभाग (सीआईडी) को सौंप दिया है। राज्य के गृह मंत्री जी. परमेश्वर ने सोमवार को यह जानकारी दी। परमेश्वर ने यहां पत्रकारों से कहा, ''भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने इस मामले में ग्रामीण विकास एवं पंचायत राज मंत्री प्रियंक खरगे के खिलाफ आरोप लगाया है। हमने मामला सीआईडी को सौंप दिया है।'' ठेकेदार सचिन पांचाल ने 26 दिसंबर को बिदर जिले में एक ट्रेन के आगे लेट कर कथित रूप से आत्महत्या कर ली थी। अपने सुसाइड नोट में उसने प्रियंक खरगे के करीबी सहयोगी राजू कपनूर पर आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगाया था। उसने आरोप लगाया था कि कपनूर ने उसे एक करोड़ रुपये नहीं देने पर जान से मारने की धमकी दी थी। हालांकि कपनूर ने इन आरोपों से इनकार किया है। प्रियंक खरगे ने भी कहा है कि इस मामले में उनकी कोई भूमिका नहीं है क्योंकि सुसाइड नोट में उनका नाम नहीं है।

## डी के सुरेश ने ऐश्वर्या गौड़ा के खिलाफ धोखाधड़ी के मामले में शिकायत दर्ज कराई

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। पूर्व सांसद डी के सुरेश ने ऐश्वर्या गौड़ा के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए बेंगलूरु सिटी पुलिस कमिश्नर के समक्ष शिकायत दर्ज कराई है। ऐश्वर्या गौड़ा अपना नाम छिपाकर लोगों को ठग रहे हैं।

डी के सुरेश ने लिखित शिकायत में कहा, मीडिया में यह खबर आई है कि ऐश्वर्या गौड़ा उर्फ नव्याश्री ने उनके नाम का दुरुपयोग करके कई लोगों से सोना और नकदी ठगी है। मैं आपसे आग्रह करता हूं कि मेरे नाम का दुरुपयोग करने के लिए उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। मैं आपसे यह भी आग्रह करता हूं कि भविष्य में इस तरह का दुरुपयोग और धोखाधड़ी न हो।

## प्रदेश में स्वच्छ शासन की सरकार है, प्रियांक खरगे का ठेकेदार की मौत से कोई लेना-देना नहीं : डी.के. शिवकुमार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



बेंगलूरु। उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार ने कहा, हमारी प्रदेश में स्वच्छ प्रशासन की सरकार है। ठेकेदार की मौत का मंत्री प्रियांक खरगे से कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने सोमवार को अपने सदाशिवनगर स्थित आवास के पास मीडिया के सवालों का जवाब दिया। इस मामले में प्रियांक खरगे की कोई भूमिका नहीं है। सुसाइड नोट में उन पर कोई सीधा आरोप नहीं है। किसी और पर आरोप लगाते ही वह इस्तीफा नहीं दे सकते। हम प्रियांक खरगे की ईमानदारी के बारे में जानते हैं। ठेकेदार की मौत की जांच कानून के नियमानुसार की जाएगी।

जब पूछा गया कि क्या मौत के आरोपी राजू ने आपकी और मुख्यमंत्री, प्रियंका खरगे की तस्वीरें जारी की हैं, तो डीके शिवकुमार ने कहा, 'मेरे पास विजयेंद्र और येडीयुरप्पा की तस्वीरें हैं। कई लोग हमारे घर आते हैं और हमारे साथ तस्वीरें खिंचवाते है।' जब उनसे बीजेपी नेता के उस बयान के बारे में पूछा गया कि वे मामले को जांच के लिए सीबीआई को सौंपने की मांग को लेकर घेराबंदी करेंगे, तो उन्होंने कहा, घेराबंदी करने दीजिए, मेरे भाई सुरेश ने राजराजेश्वरी नगर के कुछ मामलों का जिक्र किया है, चलिए उन्हें जोड़ते हैं। जब बीजेपी की सरकार थी तो सिर्फ मेरा केस ही सीबीआई को दिया गया था। उन्होंने कहा कि डीके रवि, मौत, सौजन्य मृत्यु, परेश मेस्टा केस समेत करीब 12 केस हमने सीबीआई को दिए। मेरे मामले के साथ मंत्री के मामले सीबीआई को दिए जाने चाहिए थे, क्यों नहीं दिए गए?

जब उनसे पूछा गया कि बीजेपी ने प्रियांक खरगे से इस्तीफा मांगा है तो उन्होंने कहा, ''प्रियांक खरगे के इस्तीफा देने का सवाल ही नहीं उठता। उन्होंने क्या गलत किया है? प्रियांक खरगे हमारी पार्टी की आवाज हैं। विपक्षी पार्टियां ईर्ष्या के कारण इस तरह का काम कर रही हैं।'' वे यह बर्दाश्त नहीं कर सकते कि दलित समुदाय का एक नेता इतना आगे बढ़ जाए।'' कृष्णा की सरकार बनने के बाद प्रियांक आईटी-बीटी विभाग का सफलतापूर्वक नेतृत्व कर रहे हैं। इसलिए वे उन्हें नीचे लाने की साजिश रच रहे हैं। केपीएससी परीक्षा में गड़बड़ी के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, हम इस मुद्दे पर ध्यान देंगे, जिनके साथ अन्याय हुआ है उन्हें न्याय मिलेगा।



बेंगलूरु में सोमवार को राजभवन में राज्यपाल थावरचन्द गहलोत से मुलाकात करते हुए एमएलसी सीटी रवि एवं अन्य नेतागण।

## संशोधित ट्रेन समय 1 जनवरी से प्रभावी होगा

बेंगलूरु/दक्षिण भारत। दक्षिण पश्चिम रेलवे ने विभिन्न ट्रेनों के समय में संशोधन किया है, जो 1 जनवरी 2025 से प्रभावी होगा। यात्रियों को सलाह दी जाती है कि वे अपनी यात्रा की योजना बनाने से पहले अद्यतन समय सारिणी की जाँच करें।

संशोधित समय सारिणी तक पहुँचने के लिए, यात्री दक्षिण पश्चिम रेलवे की वेबसाइट: https://swr.indianrailways.gov.in पर जा सकते हैं।यात्री



संशोधित समय की जानकारी प्राप्त करने के लिए रेलवे हेल्पलाइन नंबर 139 पर भी डायल कर सकते हैं। 1 जनवरी 2025 से, अद्यतन समय सारिणी राष्ट्रीय ट्रेन पूछताछ प्रणाली (एनटीईएस) पर भी उपलब्ध होगी।

## एक व्यक्ति ने 'जिलेटिन' की छड़ों से विस्फोट कर खुद को उड़ाया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

मंड्या। कर्नाटक में प्रेमिका के घर के सामने एक व्यक्ति ने 'जिलेटिन' की छड़ से विस्फोट कर कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। युवक उस लड़की से प्रेम करता था लेकिन लड़की के परिवार ने उसे अस्वीकार कर दिया था। पुलिस ने बताया कि यह घटना रविवार सुबह मांड्या जिले के कलेनहल्ली गांव की है।

पुलिस के अनुसार, रामचंद्र (21) का एक नाबालिग लड़की के साथ प्रेम संबंध था और पिछले साल उस नाबालिग को लेकर भागने पर उसके खिलाफ यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण अधिनियम (पॉक्सो) के तहत मामला दर्ज किया गया था। इस मामले में गिरफ्तारी के बाद रामचंद्र तीन माह जेल में रहा। पुलिस ने बताया कि जेल से छूटने के बाद उसने लड़की के परिवार से समझौता कर लिया और अदालत में केस खारिज हो गया। लेकिन बाद में उसने लड़की को फोन करना शुरू कर दिया और उसके साथ अपने रिश्ते को बरकरार रखा।

पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, ऐसा प्रतीत होता है कि लड़की की कानूनी तौर पर शादी की उम्र हो जाने पर उसका परिवार उसकी शादी किसी और से करने की योजना बना रहा था। अधिकारी ने बताया कि नागमंगला तालुक से कुछ दूरी पर स्थित एक गांव का निवासी रामचंद्र कथित तौर पर लड़की के परिवार द्वारा उसे अस्वीकार किए जाने से नाराज था। रविवार को वह अचानक नाबालिग लड़की के घर के सामने पहुंचा और अपने साथ लाए 'जिलेटिन' छड़ से विस्फोट कर दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि मृतक के परिजन की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस के अनुसार, मृतक के परिवार का खदान व्यवसाय था और इसी से उसे 'जिलेटिन' की छड़ें मिलीं।

# भाजपा नेता रवि ने 'उनसे दुर्व्यवहार' करने वाले अधिकारियों पर कार्रवाई के लिए राज्यपाल से अनुरोध किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कर्नाटक में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेता एवं विधान परिषद सदस्य सी.टी. रवि ने सोमवार को राज्यपाल थावरचंद गहलोत से आग्रह किया कि मंत्री लक्ष्मी हेब्बालकर के खिलाफ अपमानजनक शब्द का इस्तेमाल करने के लिए उनके खिलाफ दर्ज यौन उत्पीड़न मामले के संबंध में उनकी कथित ''अवैध गिरफ्तारी'' और पुलिस हिरासत में उनके साथ दुर्व्यवहार करने में शामिल पुलिसकर्मियों के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाए।

उन्होंने राज्यपाल से तत्काल अतिरिक्त सुरक्षा मुहैया कराने का भी अनुरोध किया। यहां रवि ने संवाददाताओं से कहा कि घटना परिषद के अंदर हुई और परिषद के अध्यक्ष बसवराज होरट्टी की सहमति ली जानी चाहिए थी, क्योंकि परिषद के अंदर सभी शक्तियां उनके पास हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस की गलती यह थी कि अध्यक्ष की सहमति के बिना मामला दर्ज किया गया। उन्होंने यह भी कहा कि उन्हें बिना किसी सबूत के गिरफ्तार किया गया।

भाजपा नेता ने कहा, ''अब वे (पुलिस) कह रहे हैं कि वे इसे (वीडियो साक्ष्य) फॉरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला को भेजेंगे और इसके लिए उन्हें अध्यक्ष की अनुमति की आवश्यकता होगी, लेकिन मेरा सवाल यह है कि मुझे गिरफ्तार करने से पहले किसकी अनुमति ली गई। उन्होंने (पुलिस ने) मंत्रियों के दबाव में आकर दुर्भावनापूर्ण इरादे से मुझे गिरफ्तार किया।'' राज्यपाल को लिखे अपने पत्र में 19 दिसंबर की घटना को याद करते हुए, भाजपा नेता ने आरोप लगाया कि बेलगावी के शीर्ष पुलिस अधिकारियों और उनके अधीनस्थों ने मंत्रियों के दबाव में उनके खिलाफ मामला दर्ज किया और उनके साथ दुर्व्यवहार किया।

रवि ने पुलिस अधिकारियों पर यह भी आरोप लगाया कि 19 दिसंबर को रातभर उन्हें 400 किलोमीटर तक घुमाया गया और हिरासत के दौरान चोट पहुंचाई गई। उन्होंने पत्र में लिखा, मेरे सिर से खून बह रहा था, पुलिस जीप में उल्टियां हो रही थीं, इसके बावजूद लंबे समय तक चिकित्सकीय सहायता मुहैया कराने की जहमत तक नहीं उठाई गई।

उन्होंने मुझे लंबे समय तक भूखा-प्यासा रखा, मेरे साथ जानवरों की तरह दुर्व्यवहार किया, मुझे बेहद प्रताड़ित किया, मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया। यह आरोप लगाते हुए कि पुलिस ने उनका 'खात्मा' करने के लिए हर संभव प्रयास किए, रवि ने राज्यपाल से पूरे प्रकरण पर पुलिस महानिदेशक से स्पष्टीकरण मांगने का अनुरोध किया।

राज्यपाल से मुलाकात के समय उनके साथ एमएलसी एन रविकुमार, विपक्ष नेता चालवादी नारायण स्वामी और अन्य भाजपा नेता उपस्थित थे।

## कर्नाटक सरकार रेणुकास्वामी हत्या मामले में अभिनेता दर्शन की जमानत को चुनौती देगी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कर्नाटक सरकार ने रेणुकास्वामी हत्या मामले में कन्नड़ अभिनेता दर्शन थुगुदीप और अन्य आरोपियों को जमानत देने के उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती देने का फैसला किया है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि राज्य सरकार ने उच्चतम न्यायालय में विशेष अनुमति याचिका (एसएलपी) दायर करने की मंजूरी दे दी है। याचिका का उद्देश्य आरोपियों को जमानत देने के उच्च न्यायालय के दिसंबर के फैसले को चुनौती देना है।

इस मामले में राज्य सरकार की ओर से प्रतिनिधित्व करने के लिए वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ लूथरा को विशेष वकील नियुक्त किया गया है। आदेश में राज्य के सरकारी लोक अभियोजक को एसएलपी के लिए आवश्यक दस्तावेज तैयार करने का भी निर्देश दिया गया है। दर्शन को 30 अक्टूबर को चिकित्सा कारणों का हवाला देते हुए अंतरिम जमानत पर रिहा किया गया था। तब तक वह 131 दिन हिरासत में रह चुके थे। बाद में उच्च न्यायालय ने दर्शन और मुख्य आरोपी पवित्रा गौड़ा को 13 दिसंबर को नियमित जमानत दे दी। मामले में नामजद अन्य सभी व्यक्तियों को भी जमानत पर रिहा कर दिया गया है। सितंबर में, बेंगलुरु पुलिस ने इस मामले के संबंध में 3,991 पृष्ठों का विस्तृत आरोपपत्र दाखिल किया। मामला दर्शन के प्रशंसक रेणुकास्वामी की हत्या से संबिधत है। नौ जून को गौड़ा को कथित तौर पर अश्लील संदेश भेजने के आरोप में रेणुकास्वामी की हत्या कर दी गई थी।

## न्यायाधीशों को केवल आईओ के एकत्र किए गए साक्ष्यों का मूल्यांकन करना चाहिए : उच्च न्यायालय

बेंगलूरु। कर्नाटक उच्च न्यायालय ने कहा है कि न्यायाधीशों को केवल जांच अधिकारी (आईओ) द्वारा एकत्र साक्ष्य का मूल्यांकन करके ही उसकी पर्याप्तता का आकलन करना चाहिए। हाल ही में न्यायमूर्ति एच पी संदेश द्वारा दिए गए फैसले में न्यायालय ने आरोपमुक्त करने के आवेदनों को संशोधित करने की सीमित गुंजाइश पर जोर दिया। अदालत ने कहा कि ऐसी कार्यवाही के दौरान ''संक्षिप्त सुनवाई'' करना स्वीकार्य नहीं है, और केवल बचाव पक्ष की दलीलों को ध्यान में नहीं रखा जा सकता।

अदालत का यह फैसला डॉ. मोहनकुमार एम. द्वारा दायर समीक्षा याचिका को खारिज करते हुए आया, जिन पर भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 109 के तहत अपराध को बढ़ावा देने और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत आरोप थे। डॉ. मोहनकुमार पर अन्य आरोपी डॉ. सी. अनीशा रॉय की बेटी को एम.एस. रमैया मेडिकल कॉलेज में एमडी (पीडियाट्रिक्स) में दाखिला दिलाने के लिए 25 लाख रुपये की राशि के भुगतान का आरोप लगाया गया था। याचिकाकर्ता ने दलील दी कि यह भुगतान रॉय के लिए वित्तीय मदद थी, जिसने अपनी बेटी की शिक्षा के लिए सहायता मांगी थी।

याचिकाकर्ता ने दावा किया कि यह धनराशि उनकी खुद की कमाई थी, जैसा कि उनके बैंक खाते और आयकर रिटर्न से पता चलता है। अदालत को बताया गया कि भुगतान सीधे संस्थान के खाते में किया गया था, और उन्होंने आरोपी रॉय से कोई भी पैसा वापस पाने से इनकार किया। याचिकाकर्ता ने दलील दी कि वित्तीय मदद प्रदान करने को उकसावे के रूप में नहीं समझा जाना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि निचली अदालतों ने अन्य आरोपियों को इसी आधार पर बरी कर दिया था और उन्होंने खुद को भी आरोपमुक्त करने का अनुरोध किया। अभियोजन पक्ष ने याचिका का विरोध किया, जिसमें याचिकाकर्ता के बैंक स्टेटमेंट और आयकर दस्तावेजों सहित साक्ष्य में विसंगतियों को उजागर किया गया। अदालत को बताया गया कि 25 लाख रुपये के भुगतान से पहले डॉ. मोहनकुमार के खाते में 17.5 लाख रुपये नकद जमा किए गए थे, जो उनके आयकर रिटर्न में नहीं दर्शाया गया था। उच्च न्यायालय ने आरोपमुक्त करने के आवेदन को निचली अदालत द्वारा खारिज करने के फैसले को उचित ठहराया। निचली अदालत ने इस बात पर जोर देते हुए आवेदन खारिज किया था कि जांच के दौरान एकत्र की गई सामग्रियों को केवल बचाव पक्ष की दलीलों के आधार पर खारिज नहीं किया जा सकता।

## केरल के लिए आपदाओं, घोटालों और राजनीतिक उतार-चढ़ाव से भरा रहा यह साल

तिरुवनंतपुरम/भाषा। वायनाड के तीन गांवों को नष्ट करने वाले विनाशकारी भूस्खलन, लोकसभा चुनावों में कांग्रेस का शानदार प्रदर्शन और कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा की पहली चुनावी जीत ऐसी महत्वपूर्ण घटनाएं हैं जिन्होंने 2024 में केरल के सामाजिक-राजनीतिक परिदृश्य को आकार दिया। न्यायमूर्ति हेमा समिति की रिपोर्ट के जरिए मलयालम फिल्म उद्योग में यौन शोषण और उत्पीड़न के खुलासे के साथ ही राजनीतिक गलियारों में हलचल मच गई। इस रिपोर्ट के सामने आने के बाद सत्तारूढ़ मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के विधायक एवं अभिनेता एम. मुकेश सहित कुछ प्रमुख अभिनेताओं के खिलाफ बलात्कार के आरोप लगे।

मूसलाधार बारिश के कारण वायनाड के चूरलमाला और मुंडक्कई क्षेत्रों में 30 जुलाई को बड़े पैमाने पर भूस्खलन हुआ, जिसके परिणामस्वरूप 200 से अधिक लोगों की मौत हो गई, कई लोग घायल हुए और हजारों लोग बेघर हो गए। इसे केरल के इतिहास की सबसे भीषण प्राकृतिक आपदाओं में से एक माना जाता है। सैकड़ों लोग मलबे में दब गए और कई लोगों को सेना एवं अन्य बचाव एजेंसियों ने बाहर निकाला। इस आपदा ने दक्षिणी राज्य में बेहतर आपदा प्रबंधन और तैयारियों की तत्काल आवश्यकता को फिर से उजागर कर दिया। जलवायु परिवर्तन के कारण राज्य को अक्सर मौसम की प्रतिकूल परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है। राज्य में पुनर्वास के प्रयास धीमे होने के कारण इस आपदा के पीड़ितों का जीवन पटरी पर नहीं लौट पा रहा। राज्य सरकार ने आरोप लगाया है कि इस धीमी गति का कारण केंद्र सरकार का कथित भेदभावपूर्ण रवैया है जिसके खिलाफ उसने अदालत का दरवाजा खटखटाया है।

पुनर्वास प्रयासों को लागू करने में एक और बाधा उस समय दूर हो गई जब केरल उच्च न्यायालय ने फैसला सुनाया कि सरकार भूस्खलन से पीड़ितों के लिए एक 'मॉडल टाउनशिप' बनाने के लिए दो निजी संपदाओं से भूमि का अधिग्रहण कर सकती है और इसी के साथ अदालत ने सरकार के निर्णय को चुनौती देने वाली कंपनियों की याचिकाओं को खारिज कर दिया।

राजनीतिक क्षेत्र में केरल में कुछ आश्चर्यजनक परिणाम देखने को मिले। लोकसभा चुनाव के दौरान राज्य में कांग्रेस के नेतृत्व वाले विपक्षी संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) ने मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के नेतृत्व वाले वाम लोकतांत्रिक मोर्चा(एलडीएफ) को हराया।




# नए साल के जश्न के मद्देनजर 11,000 से अधिक पुलिसकर्मी तैनात किए गए

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कर्नाटक के गृह मंत्री जी परमेश्वर ने सोमवार को कहा कि नए साल के जश्न के मद्देनजर हजारों पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है और यह सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां की गई हैं कि बेंगलुरु शहर और पूरे राज्य में कोई अप्रिय घटना न घटे। उन्होंने लोगों से किसी भी अप्रिय घटना में शामिल न होने की अपील भी की।

उन्होंने यहां संवाददाताओं से कहा, बेंगलूरु शहर और पूरे राज्य में कोई अप्रिय घटना न हो, यह सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां कर ली गई हैं। हमने उन लोगों को भी चेतावनी दी है जो गड़बड़ी पैदा करना चाहते हैं और साथ ही हमने व्यापक तैयारियां भी की हैं। हजारों पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है और मैं लोगों से अपील करता हूं कि वे किसी भी अप्रिय घटना में शामिल न हों। नए साल का जश्न खुशी से मनाएं। आपका नया साल बहुत खुशहाल हो।


इस बीच 'पीटीआई वीडियो' से उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार ने कहा कि सभी विभागों द्वारा शहर भर में 1000 से अधिक कैमरे लगाए गए हैं। साथ ही उन्होंने चेतावनी दी कि किसी भी तरह का उपद्रव बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा, कानून व्यवस्था को बनाए रखा जाएगा। सभी विभागों द्वारा 1000 से अधिक कैमरे लगाए गए हैं। हमें बहुत सतर्क रहना चाहिए। बेंगलूरु की छवि बहुत महत्वपूर्ण है और यदि कोई उपद्रव किया जाता है तो पुलिस द्वारा आरोपियों को हिरासत में लिया जाएगा।

बेंगलूरु पुलिस ने शहर में आगामी नववर्ष समारोह के लिए व्यापक प्रबंध किए हैं तथा सार्वजनिक सुरक्षा और यातायात का सुचारू संचालन सुनिश्चित करने के लिए अधिक भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है।

वरिष्ठ अधिकारियों, नागरिक सुरक्षा कर्मचारियों और अन्य लोगों सहित कुल 11,830 पुलिस कर्मी शहर में कड़ी निगरानी रखेंगे तथा रेव पार्टियों और नशीली दवाओं से संबंधित गतिविधियों पर नजर रखेंगे। पुलिस ने कहा कि सरकार ने नए साल का जश्न रात एक बजे तक ही मनाने की अनुमति दी है और जनता को निर्धारित समय सीमा के भीतर ही जश्न मनाने की अनुमति है।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
www.dakshinbharat.com
epaper.dakshinbharat.com
बेंगलूरु | मंगलवार | 31-12-2024
/dakshinbharat /dakshinbharat
DAKSHIN BHARAT RASHTRAMAT HINDI DAILY
RNI No. 58061/93. Regn No.: RNP/KA/BGS/2050/2018-2020
Posted at Bengaluru PSO
Mysore Road Bengaluru-560 026.

शहर के बाबा गंगाराम सेवा समिति के तत्वावधान में रविवार को पैलेस ग्राउंड के प्रिन्सेस ग्रीन सभागार में दोपहर से झुंझनु वाले विष्णु अवतारी बाबा गंगाराम मनोकामना पूर्ति महोत्सव का आयोजन धूमधाम से किया गया।





# 'शीश के दानी श्याम बाबा का सारे जग में डंका बाजे'

## श्याम दीवाने ने सजाया बाबा का अलौकिक दरबार, झूमे श्याम भक्त

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के श्याम दीवाने के तत्वावधान में द्वादश वार्षिकोत्सव के रुप में 'सबका प्यारा–श्याम हमारा' भजन संध्या का आयोजन रविवार को विजयनगर स्थित सुगन्ना कल्याण मंडप में हर्षोल्लास से किया गया। रविवार को दोपहर में सबसे पहले पंड्ति मुरारी दाधीच ने पूरे मंत्रोच्चार के साथ संस्थापक सदस्य नंदलाल सोनी, ओमप्रकाश राठी, देव कोठारी, गिरी बागड़ी से बाबा की विशेष पूजा करवाई और अखंड ज्योत प्रज्वलित करवाई।

इस मौके पर कोलकाता के विशेष कारीगरों द्वारा बाबा श्याम, भगवान गणेश, हनुमानजी, दुर्गा मां व शिव पार्वतीजी का विशेष दरबार सजाया जाएगा। रंगीन व ताजे फूलों से बाबा का अलौकिक श्रृंगार किया गया था जो कि सभी भक्तों को अनायास ही अपनी ओर आकर्षिक कर रहा था। बड़ी संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं ने कतारबद्ध होकर बाबा के दरबार




का दर्शन कर आशीर्वाद लिया। दीप प्रज्वलन के बाद संस्था के गायक देव कोठारी ने गणेश वंदना की प्रस्तुति के साथ भजनों की प्रस्तुति दी। साथ ही संदीप सोनी, श्याम बगड़िया, मनोज मेहता, किशन बगड़िया, मास्टर मुकुंद आदि ने अपनी अपनी प्रस्तुति से बाबा को श्याम को रिझाया। भजन संध्या में कोलकाता के गायक राहुल गहरवाल ने मधुर भजनों से पूरा सभागार को श्याममय बना दिया। जब मुख्य भजन गायक रामकुमार लख्खा आए तो श्रद्धालुओं ने बाबा के जयकारे लगाकर उनका स्वागत किया। लख्खा ने भगवान गणेश को याद करते हुए रामायण की चौपाई मंगल भवन अमंगल हारी से अपने भजनों की यात्रा शुरु की। रामकुमार लख्खा ने जब 'शीश के दानी का सारे जग में डंका बाजे....., पकड़ लो हाथ बनवारी, नहीं तो रुठ जाएंगे.......'भजन गाएं तो श्रद्धालुओं सहित श्याम दीवाने के सदस्यों ने नाच गाकर बाबा को रिझाया। लख्खा ने भजनों के बीच बीच में खाटू श्याम की विशेष जयकारें लगावाएं। इस श्याम महोत्सव में दिल्ली के संगीतकार नरेश पुनिया एंड पार्टी ने संगीत की प्रस्तुति दी। संस्था द्वारा सभी मेहमान गायकों व संगीतकारों का सम्मान किया गया तथा उन्हें कैलेंडर भेंट किया गया। इस वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में राजगढ़ सादुलपुर नागरिक परिषद के अध्यक्ष प्रभात किशनपुरिया, श्याम गौशाला के प्रमुख सतीश मित्तल, गुरु पुण्यवानी कम्पनी के डायरेक्टर संजय बैद, दादीधाम प्रचार समिति के अध्यक्ष शिवकुमार टेकड़ीवाल, श्याम मंदिर ट्रस्ट के सुशील राणासरिया सहित बड़ी संख्या में अनेक धार्मिक व सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित थे।





# बाबा गंगाराम मनोकामना पूर्ति महोत्सव में बाबा गंगाराम का हुआ गुणगान

- नृत्य नाटिका के माध्यम से जीवन चरित्र का हुआ चित्रण
- भक्त और भगवान का हुआ विशेष अभिषेक

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के बाबा गंगाराम सेवा समिति के तत्वावधान में रविवार को पैलेस ग्राउंड के प्रिन्सेस ग्रीन सभागार में दोपहर से झुंझनु वाले विष्णु अवतारी बाबा गंगाराम मनोकामना पूर्ति महोत्सव का आयोजन धूमधाम से किया गया। रविवार को दोपहर में सबसे पहले समिति के अध्यक्ष गौरीशंकर गुप्ता, सचिव मनीष अग्रवाल सहित समिति के अन्य सदस्यों द्वारा परिवार सहित बाबा की पूजा कर अखंड ज्योत प्रज्वलित की गई। तत्पश्चात मंत्रोच्चार के साथ 101 श्रद्धालु जोड़ों द्वारा बाबा गंगाराम, भक्त देवकीनंदन, आराधिका माता गायत्री का काजू, किशमिश, बेल पत्र, तुलसी पत्र से मनोकामना पूर्ति अभिषेक किया गया। तत्पश्चात मुंबई के गायक राकेश बावलिया ने गणेश वंदना से भजन संध्या की शुरूआत करते हुए भजनों की प्रस्तुति दी। कोलकाता के भजन गायक केशव





मधुकर ने निराले अंदाज में जब भजन ' बाबा गंगाराम हमारे, तेरे भरोसे–तेरे सहारे चले गुजारा भक्तो का ....., कीर्तन की है रात बाबा आज थाने आज आणो है...., देना हो तो दीजिये जन्म जन्म का साथ...., पलके ही पलके ही बिछायेंग जब बाबा हमारे घर आएंगे ......., विष्णु के अवतारी है जिनका झुंझनु में है धाम बाबा गंगाराम .....' आदि की प्रस्तुति दी तो उपस्थित भक्तों ने नाच गाकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

भजनों के बाद केशव ने विष्णु अवतारी बाबा गंगाराम के चरित्र पर आधारित लीलाओं का वर्णन किया तथा कोलकाता के कलाकारों ने नृत्य नाटिका के साथ प्रस्तुति दी जो कि कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण का केन्द्र बना रहा। भक्त तो अपने आराध्य के बारे में और जानना चाहते थे और जो नए भक्त थे वे कुछ नया जानना चाहते थे। कार्यक्रम में पंचदेव मंदिर झुंझनु धाम की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव की झलकियां प्रस्तुत की गई। दादी धाम प्रचार समिति के अध्यक्ष शिवकुमार टेकड़ीवाल ने केशव मधुकर का सम्मान किया।

कार्यक्रम में उपस्थित बड़ी संख्या में भक्तों ने कतारबद्ध होकर बाबा के दरबार व अखंड ज्योत के दर्शन किए। सभी भक्तों को पंचदेव मंदिर की रज वितरित की गई। बाबा गंगाराम के जन्मोत्सव प्रसंग पर बधाइयां बांटी गई।समिति की महिला सदस्यों द्वारा राजस्थानी वेषभूषा में विशेष झांकी प्रस्तुत की गई ।

इस अवसर पर अग्रवाल समाज मे अध्यक्ष सुभाष बंसल, सचिव सतीश गोयल, प्राइड ग्रुप के मुरारीलाल सरावगी, स्वास्तिक सेवा संघ के सतीश मित्तल, संजय जालान, महेश अग्रवाल, सीताराम अग्रवाल, बाबा गंगाराम सेवा समिति मुंबई, जितेन्द्र अग्रवाल हुब्बल्ली, संजय अग्रवाल बड़ोदा, योगेश गुप्ता अहमदाबाद, वेदांत खेमानी, मधु गुप्ता, किशोर अग्रवाल, श्याम जिंदल, आनद बंसल, प्रियंका गोयनका, रोहित केडिया, रोहित धानुका, सुनील मोदी, जगमोहन अग्रवाल, रतनलाल सिंघल आदि गणमान्यों ने उपस्थित होकर हाजरी लगाई ।

# 'पाप और पुण्य ही जीवन के बाद भी साथ रहेंगे'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के गणेश बाग में विराजित शिविराचार्यश्री विनयमुनिजी खींचन ने अपने प्रवचन में प्रज्ञापना सूत्र के विशेष पद का वर्णन करते हुए कहा कि इंसान की इंद्रियों की शक्तियां 32 वर्ष की उम्र में पूर्ण रूप से खिलती है। परंतु उसके बाद धीरे–धीरे सभी इंद्रियों की शक्ति मंद पड़ती जाती है। भगवान महावीर ने जो सुख इंद्रियों के माध्यम से इंसान भोक्ता है, धीरे–धीरे जब इंद्रियों की शक्ति मंद पड़ जाती है, तो इंद्रियों के सुख भी छूटते जाते हैं। एक समय ऐसा आता है की चिकित्सकों के सहारे जीवन चलने लगता है। मृत्यु के आगे किसी की नहीं चलती है। यदि व्यक्ति के मन में मरने से पहले इस मन को मार लू, इच्छाओं को मार लू, संतोष को धारण कर लू, दूसरों का भला कुछ कर लू जो कुछ भी मेरे पास है वह सब कुछ यहां छोड़कर जाना ही पड़ेगा भाव आ जाते है तो उसका कल्याण हो सकता है। उसके पुण्य तथा जो बुरे काम किए उसका पाप यह दोनों तो पर भव में साथ चलेंगे। यह दोनों तो आत्मा के साथ ही रहेंगे। संसार की प्रवृत्तियों में मर्यादा और सीमा रहेगी तो ही कुछ सुकून और शांति मिलेगी। संघ महामंत्री संपतराज मंडोत ने सभी का आभार व्यक्त किया। संघ प्रवक्ता प्रसन्नचंद मांडोत ने सभी का स्वागत किया।



# कॉन्फिडेंट पब्लिक स्पीकिंग कार्यशाला के प्रतिभागियों को बांटे गए प्रमाणपत्र

## तेयुप विजयनगर ने आयोजित किया दीक्षांत समारोह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। तेरापंथ युवक परिषद विजयनगर द्वारा आयोजित कॉन्फिडेंट पब्लिक स्पीकिंग कार्यशाला का दीक्षांत समारोह राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पवन मांडोत की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। पवन मांडोत ने श्रावक पत्र का वाचन व सभी का स्वागत किया। तेयुप विजयनगर को छठवीं बार सफल सीपीएस आयोजित करने की बधाई दी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित उद्यमी और समाजसेवी संजय बैद ने सहभागियों को प्राप्त प्रशिक्षण को जीवन में आत्मसात करने हेतु अभ्यास, अभ्यास, अभ्यास की महत्ता बताई। सीपीएस के मुख्य प्रशिक्षक अरविंद मांडोत सहभागियों को आगे बढ़कर सीपीएस जोनल के लिए भी प्रोत्साहित किया।

शाखा प्रभारी रोहित कोठारी ने अपने विचार व्यक्त किए। सीपीएस के प्रोविजनल नेशनल प्रशिक्षक नूतन लोढा, शैफाली जैन, धर्मश कोठारी, तेयुप अध्यक्ष कमलेश चोपड़ा ने अपने विचार व्यक्त किए। तेयुप अध्यक्ष ने सबका स्वागत किया। तेयुप प्रबंध मंडल की प्रशिक्षकाओं का महिला मंडल की उपाध्यक्ष सुमित्रा बरड़िया व बरखा जैन ने सम्मान किया। इस अवसर पर 5 बेस्ट प्रतिभागियों, प्रायोजक परिवार एवं सभी अतिथियों का सम्मान किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य सहयोगी भंवरलाल तेजकुमार मांडोत और सहसहयोगी रतनलाल उम्मेद नाहटा परिवार रहा। सप्तदिवसीय सीपीएस कार्यशाला के संभागियों ने विभिन्न विषयों पर अपनी प्रस्तुतियां दी। उनकी प्रस्तुतियों के आधार पर प्रमाण पत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम में अभातेयुप से राकेश पोखरणा, विकास बांठिया, प्रदीप चोपड़ा, तेयूप पूर्व अध्यक्ष राजेश छाजेड़ सहित अनेक वरिष्ठ सदस्य उपस्थित थे। सीपीएस संयोजक विनीत गांधी और गौरव चोपड़ा का अथक श्रम रहा। तेयुप सहमंत्री पवन बैद ने धन्यवाद दिया।



# भावनाओं का प्रबंधन दिला सकता है जीवन में सफलता : डॉ. सुयशनिधि

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। जयगच्छीय जैन संत डॉ. पदमचंद्र महाराज की सुशिष्याएं जैन समणी डॉ. सुयशनिधिजी एवं डॉ. सुयोगनिधिजी के सान्निध्य में समणी सेंटर में चल रहे जैन अणुप्पेहा ध्यान योग साधना शिविर के समापन अवसर पर ध्यान की अगाध गहराई में जाने की कला सिखाई गई। डॉ. सुयशनिधिजी ने कहा कि भावनात्मक ट्रिगर्स वे घटनाएं, विचार, या परिस्थितियां होती हैं, जो हमारी गहरी भावनात्मक प्रतिक्रियाओं को उत्तेजित करती हैं। ये ट्रिगर्स किसी व्यक्ति के अतीत के अनुभवों, वर्तमान स्थिति, या व्यक्तिगत संवेदनाओं से जुड़ी हो सकती हैं। भावनात्मक ट्रिगर्स को समझना और प्रबंधित करना मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

डॉ. सुयशनिधि ने निरंतर पांच दिन तक ऐसे ऐसे तकनीकों का प्रशिक्षण दिया जिसे समझ कर अनेक श्रावक श्राविकाओं ने भरपूर लाभ लिया।

सत्र के अंत में सभी शिविरार्थियों को नियमित रूप से प्रतिदिन अभ्यास करने के लिए सारी आवश्यक निर्देश दिए गए। स्मृतिपटल पर शिक्षाएं बनी रहने के लिए नोट्स भी बांटे गए। समणीवृंद ने सभी अल्पाहार लाभार्थियों व सहयोगियों को साधुवाद दिया। सोमवार को अमावस्या के मौके पर जेपीपी जैन प्रसाद प्रोजेक्ट के तहत् लगभग 600 लोगों को भोजन प्रसाद भी बांटा गया।

# सोमवती अमावस्या पर मानव सेवा समिति ने की गौसेवा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

हुब्बल्ली। ओल्ड हुब्बल्ली के अभिनव नगर में स्थित विश्व हिन्दू परिषद् द्वारा संचालित कष्टभंजन हनुमान मंदिर व गौशाला में सोमवती अमावस्या के अवसर पर मानव सेवा समिति द्वारा गौशाला में 6 थैला पशु आहार व 25 किलो गुड भेंट किया गया। इस मौके पर समिति के गणपत सिंह राठौड़, नारायणसिंह राठौड़, किशनसिंह भाटी, हरीश सैन, नरेशकुमार पटेल, नवीन देवासी, केवाराम आदि उपस्थित थे। विहिप के महानगर सेवा प्रमुख सुभाषचंद्रा डंक ने बताया की मानव सेवा समिति प्रति अमावस्या व पूर्णिमा पर अलग अलग स्थान पर सेवाकार्य करती है ।



# भक्तामर महापूजन में धर्मशाला बनाने की घोषणा हुई

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के जैन दोस्ती फेडरेशन के तत्वावधान मे नौ दिवसीय संघ यात्रा का आयोजन के तहत मनोजकुमार हरण के नेतृत्व में व आचार्यश्री नित्यानंदसूरीश्वरजी की निश्रा में पालीताणा में भक्तामर महापूजन में पांच सौ जोड़ों ने भाग लिया। पूजन में फेडरेशन द्वारा दक्षिण नाकोड़ा तीर्थ अरसीकेरे में 90 कमरे एवं साधु साध्वी उपाश्रय के साथ प्रवचन हाल युक्त सुसज्जित धर्मशाला बनाने की घोषणा की गई। आचार्यश्री ने धर्मशाला भूमिपूजन का मुहुर्त प्रदान कर दोस्ती फेडरेशन के इस पावन कार्य की सराहना की। इस मौके पर ट्रस्ट के अनेक पदाधिकारी उपस्थित थे।



# 'जीतो' हुब्बल्ली ने आयोजित किया स्वास्थ्य जांच शिविर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

हुब्बल्ली। जीतो हुब्बल्ली चैप्टर ने केशवपुर के एसटी. भंडारी हॉल में स्वास्थ्य जांच एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया। कार्यक्रम में विशेषज्ञों द्वारा सेवाएं दी गर्स। एसडीएम कॉलेज की प्रोफेसर डॉ. सलीमा बीजापुरी ने मधुमेह फिजियोथेरेपी पर चर्चा की। भावनात्मक स्वास्थ्य एवं तंदुरुस्ती पर प्रिया उचिला ने जानकारी दी। डॉ. सिद्धगंगा ने उन्नत सीपीआर का प्रशिक्षण दिया। डॉ. निहाल कोठारी ने मौखिक स्वास्थ्य पर चर्चा की सत्रों के बाद निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें अनेक लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम के संयोजक बाहुबल जैन, नवीन खिवेंसरा और विक्रम गुलेच्छा ने सेवाएं दी। इस मौके पर अनिलकुमार जैन, सोहन तातेड़, भरत पटवारी, पारस परमार, अशोक भंडारी, प्रवीण चौधरी, राजन जैन, धर्मेंद्र जैन, गीता छेड़ा, कविता बाफना, रोशन तातेड़, नीरव मोमाया, मनीष जैन आदि उपस्थित थे।

## पुण्यस्मरण कार्यक्रम

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



बेंगलूरु के स्नेहजीवी गेलेयारा बलगा द्वारा केपी अग्रहारा में डॉक्टर विष्णुवर्धन पुण्यस्मरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि महेंद्र मुणोत ने दिवंगत अभिनेता डॉक्टर विष्णुवर्धन के चित्र पर पुष्प अर्पित कर कर्नाटक सिनेमा जगत में उनके योगदान को याद किया। मुणोत ने अन्नदान कार्यक्रम में सेवा प्रदान की।

डिजिटल रूप में भी पढ़ें दक्षिण भारत हिन्दी दैनिक www.dakshinbharat.com

Printed& Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company, 6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51 and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**,
(*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.
HEAD OFFICE : DAKSHIN BHARAT RASHTRAMAT, New Media Company, 6/4, Cantonment Station Road, Bangalore 560051. Editorial : 080-25363030 / 9945488003. For Advertisement : 9945488002 - email : news@dakshinbharat.com